हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई

जबलपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026
login : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

### पांढुर्णा में वर्ष 2026 हेतु तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**पांढुर्णा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा पांढुर्णा जिले में वर्ष 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। यह आदेश मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत जारी किया गया है, जिससे जिले के नागरिकों एवं शासकीय सेवकों को सुविधा प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा जिले में निम्नलिखित पर्वों के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा हनुमान जयंती – 02 अप्रैल 2026 (गुरुवार), अनंत चतुर्दशी – 25 सितंबर 2026 (शुक्रवार), दशहरा (महानवमी) – 19 अक्टूबर 2026 (सोमवार) उल्लेखनीय है कि जिले की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय अवकाशों का निर्धारण किया जाता है। उक्त आदेश की प्रतियां संबंधित विभागों एवं कार्यालयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दी गई हैं।

## परासिया के मयूर वन के जंगल में चल रहा था जुआं

# जुएं के 14 आरोपी गए जेल, 6 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



रविवार को जुआँ खेलते धराये 14 आरोपियों को सोमवार को जेल भेजा गया । 6 आरोपी फरार बताये जा रहे हैं । एसपी की स्पेशल टीम ने परासिया के मयूर वन में जुआरी बेखौफ जुआफड़ चला रहे लोगों की घेरा बंदी कर पकड़ा । यहां रोजाना लाखों रुपए के दांव लग रहे थे । जुआफड़ की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने स्पेशल टीम भेजकर जुआफड़ पर छापामार कार्रवाई कराई ।

स्पेशल टीम ने जुआफड़ से 14 जुआरियों को दबोचा , 6 आरोपी फरार हो गए । जुआरियों में न्यूटन वार्ड नंबर 11 का पार्षद भी शामिल हैं। जुआरियों से 93 हजार रुपए नकद और 15 मोबाइल जब्त किया गया । मुखबिर की सूचना पर रविवार को छिंदवाड़ा के तीन थानों की पुलिस मयूर वन पहुंची। पुलिस टीम ने मौके से न्यूटन वार्ड 11 के पार्षद शेख वसीम , चौरई निवासी घनश्याम बैस , परासिया निवासी मंजीत सिंह , चौरई के चनियाकला निवासी मनोज यादव , परासिया निवासी रेहान खान , आकाश नागवंशी , छिंदी निवासी मोहम्मद कैफ , हरिप्रसाद इनवाती , जुन्नारदेव निवासी असलम खान , सुकरी वार्ड नम्बर 18 निवासी माखनलाल , बाबूलाइन निवासी योगेश सिंह घवंशी , अक्षय डागौर , रावनवाड़ा निवासी लड्डू बेले, और परासिया वार्ड नम्बर 14 निवासी शरीफ को मौके पकड़ा । फरार 6 आरोपियों सहित 20 लोगों पर जुआँ एक्ट सहित अन्य धाराओं पर मामला दर्ज किया और सोमवार को एस डी एम कोर्ट में पेश किया गया । जहां से ज़मानत नहीं मिलने पर हिरासत में लिए गए सभी आरोपियों को जेल भेजा गया ।

### पुलिस अधीक्षक की स्पेशल टीम

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय ने जुआँ पकड़ने जो स्पेशल टीम बनाई थी उसमेंकोतवाली से एएसआई ब्रजेश रघुवंशी , आरक्षक शैलेन्द्र राजपूत , भास्कर बाल , देहात थाने से एएसआई संदीप राजपूत , आरक्षक सौरभ बघेल , कुंडीपुरा से प्रधान आरक्षक रवि ठाकुर , आरक्षक रघुवंशी और साइबरेल से आदित्य रघुवंशी शामिल है ।

### कोर्ट तक पैदल ले गई पुलिस

जुआँ खेलने के आरोप में पकड़े गए सभी 14 आरोपियों को पुलिस परासिया थाने से पुलिस की गाड़ी में एस डी एम कोर्ट के लिए लेकर निकली , लेकिन कोर्ट से लगभग 150 मीटर पहल पुलिस का वाहन खराब हो गया , जिसके चलते सभी आरोपियों को वाहन से उतारकर पैदल कोर्ट तक ले जाया गया । इस दौरान आरोपी लोगों से अपना चेहरा छुपाते नजर आए ।

### लापरवाही बरतने पर की गई कार्यवाही

## जनजातीय विभाग सहायक आयुक्त ने भृत्य को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सतेंद्र मरकाम द्वारा आदिवासी बालक छात्रावास कुण्डा, विकासखंड चौरई में पदस्थ भृत्य विवेक धुर्वे को कर्तव्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीन आचरण के कारण निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

सहायक आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि अधीक्षक आदिवासी बालक छात्रावास कुण्डा द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि संबंधित कर्मचारी मादक पदार्थ का सेवन कर ड्यूटी पर उपस्थित होते है, बिना सूचना के अनुपस्थित रहते है, अधीक्षक से विवाद करते है तथा मादक पदार्थ सेवन के उपरांत ग्रामवासियों से भी अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न करते है। बार-बार समझाइश देने के बावजूद उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं पाया गया है।

जांच में यह कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक पाए जाने के साथ मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के विरुद्ध होकर कदाचार की श्रेणी में माना गया। इसके फलस्वरूप मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत श्री विवेक धुर्वे को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित कर्मचारी का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार निलंबन भत्ते की पात्रता रहेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## अवैध शराब निर्माण के अड्डों पर कार्यवाही, 400 किलो लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



अवैध शराब निर्माणकर्ताओ के द्वारा परासिया क्षेत्र में ग्राम कोल्हूखेड़ा व बेलगांव में भारी मात्रा में कच्ची शराब का निर्माण किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर05 जनवरी सोमवार को कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी. आर. वैद्य के मार्गदर्शन में वृत्त परासिया प्रभारी अधिकारी द्वारा परासिया क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोल्हूखेड़ा एवं बेलगांव के जंगलों में आबकारी विभाग द्वारा दबिश कार्यवाही की गयी । आबकारी बल सबसे पहले कोल्हूखेड़ा के जंगल झाड़ियों मे अलग - अलग स्थानों में छुपाकर रखे गए लगभग 22 प्लास्टिक की कुप्पीयों में भरा हाथ भट्टी शराब बनाने के लिये तैयार 440 किलो महुआ लहान बरामद किया गया। जिसे मौक़े पर सैंपल लेकर शेष लाहन नष्ट किया गया। इसके बाद बल बेलगांव स्थित जंगल में नाला किनारे अलग अलग स्थानों में झाड़ियों मे छुपाकर रखे 20 प्लास्टिक की कुप्पीयों रखा 400 किलो महुआ लाहन एवं 01 प्लास्टिक की कुप्पी में रखा 15 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई।

इस दबिश कार्यवाही में अवैध शराब निर्माण के अड्डों से 840 किलो लाहन एवं शराब बनाने की सामग्री जैसे गंजे , बर्तन , पाइप , सूखा महुआ तथा 15 लीटर हाथ भट्टी शराब भी बरामद की गई । इसके बाद न्यूटन क्षेत्र में सी एम हेल्पलाइन की शिकायत की जांच के दौरान वार्ड नंबर 11 अंतर्गत एक मकान की तलाशी लेने पर 02 प्लास्टिक की बोतल में रखे 04 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद कर प्रकरण कायम किया गया । इस दबिश कार्यवाही में कुल 05 प्रकरण कायम कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क,च के तहत प्रकरण कायम किया गया।इस दबिश कार्रवाई में वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक जीत सिंह धुर्वे , आबकारी आरक्षक ओम नारायण बाम्हने , दीपाली झारिया का योगदान सराहनीय रहा ।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने छिंदवाड़ा ग्रामीण, चांद, बिछुआ एवं खमारपानी मंडल की ली संगठनात्मक बैठक

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने छिंदवाड़ा ग्रामीण, चांद, बिछुआ एवं खमारपानी मंडल की मंडलों में पहुंचकर मंडल की बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सभी को साथ लेकर चलती आ रही है।

कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं को दायित्व देकर उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी जाती है, वही कार्यकर्ता निर्माण और व्यक्ति निर्माण की शुरूआत है। कार्यक्रमों को अपनी विचारधारा को आगे रखकर बेहतर तरीके से संपन्न कराने वाले कार्यकर्ता ही आगे चलकर बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। भारत वशुधैव कुटुंबकम और विश्व का कल्याण की अवधारणा को लेकर कार्य करने वाला देश है। ऐसे में भारत विश्व का कल्याण करें, इसके लिए हमें अपने राष्ट्र को मजबूती देनी होगी।

## दिन में चोरी की रेत ले जा रहे ट्रकों पर अधिकारी आखिर क्यों नहीं करते करवाई

### तामिया के रेत चोरों ने जुन्नारदेव तहसील की नदियों को बनाया नया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील के देलाखारी कुआं बादला, कपूर नाला, कुर्सीढाना, जामुंनढोगा, शहित आसपास की वन भूमि एवं राजस्व के नदी नालों से रेत काअवैध कारोबार लंबे अरसे से होता चला रहा है। रेत से भरे दर्जनों ट्रक, ट्रैक्टर रेत लेकर सड़क पर दौड़ते देखे जा सकते हैं, लेकिन अधिकारियों की मनसा पर कार्यवाही निर्भर होती है।

ऐसी स्थिति लंबे अरसे से जारी है। इससे साफ हो जाता है कि यहां वाहनों पर कार्रवाई तभी होती है। जब अधिकारी की मंशा रेत पर कार्यवाही कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की होती है की कार्रवाई भी होती है। इन दिनों रेत का अवैध खनन शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ बन चुका है। निर्माण कार्यों के लिए सबसे जरूरी होने के वजह से नदी नालो से रेत निकाली जा रही है। पुलिस साफ तौर पर कहती है कि यह हमारा काम नहीं है। राजस्व और खनिज विभाग को यहां कार्यवाही करने की फुर्सत नहीं है।

ऐसी स्थितियों में नदी नालों का अस्तित्व बचाने का संकट विद्यमान हो चुका है। अवैध रेत के व्यवसाय को लेकर अक्सर विवादों की स्थिति लेनदेन के बाद भी निर्मित होती रही हैं। हाल ही में वन विभाग एवं रेत चोरों में मारपीट की स्थिति निर्मित हो चुकी थी, जहां पर नाकेदारों ने विभागीय अधिकारियों की अनुमति के बगैर देलाखारी पुलिस चौकी में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराने की बजाय आवेदन दिया बाबजूद इतना सब कुछ होने के बाद रेत के वाहन दिन के उजाले में आखिर किसकी शह पर निकल रहे हैं।

रेत के निकलते वाहन दिन के उजाले में देखे जा सकते हैं। विवाद की स्थिति के बाद कुर्सी ढाना क्षेत्र में रेत की चोरी वर्तमान में थमी है। रेत चोरों ने जामई तहसील के राजस्व एवं सांगा खेड़ा जंगल से लगी नदियों से रेत का खनन कर तामिया में चोरी की रेत सप्लाई की जा रही है।

### प्रथम तिथि को वेतन भुगतान ना होने पर श्रमिक /कर्मचारियों में आक्रोश



**छिन्दवाड़ाः** भारतीय मजदूर संघ जिला समिति की बैठक श्री निरंजन सिंह राजपूत की अध्यक्षता में श्री रघुवंश लॉन परिसर स्थित जिला औषधि कर्मचारी संघ के कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को जिला सम्मेलन का आयोजन प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक सतपुड़ा विधि महाविद्यालय /श्री रघुवंश लॉन दोनों से जो स्थान सहजता उपलब्ध होगा वहाँ पर उस स्थल पर सम्मेलन संपन्न होगा। बैठक में राज्य सरकार द्वारा वेतन भुगतान के संबंध में जारी किये गये परिपत्र /आदेश जिसके अनुसार प्रत्येक विभाग में माह की प्रथम तिथि को सभी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किये जाने के निर्देश जारी किये जाने के बाद भी नगरीय निकाय ,पंचायत ,जनजाति विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को दो माह से वेतन तथा पंचायत विभाग में सचिवों को पिछले 5 माह से वेतन भुगतान ना होने पर चिंता व्यक्त की गयी तथा इस संबंध में मुख्य सचिव म.प्र.शासन एवं सम्बद्ध विभाग के प्रमुख सचिव का ध्यानाकर्षित करवाने हेतु प्रचार करने का निर्णय लिया गया। जिले के अधिकांश नगरीय निकाय में ई.पी.एफ. के अंशदान की वेतन से कटौती करने के बाद भी भविष्य निधि कार्यालय में अंशदान की राशि जमा ना होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया है तथा इन दोनों ही मुद्दों को लेकर शीघ्र ही आंदोलन करने के लिये भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध श्रमिक संघ बाध्य होंगे। जिला सम्मेलन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिये आगामी 11 जनवरी 2026 दिन रविवार को प्रातः 11 बजे से प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन ,जिला औषधि कार्यालय में किया गया है।

## कांग्रेस ने फूंका मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज 5 जनवरी को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेसियों ने नववर्ष मिलन समारोह के बाद अचानक विधायक कार्यालय से एमपीएल मैदान तक रैली निकाली और इंदौर के भागिरथपूरा इलाके में दूषित पानी से हुई 17 लोगों की मौत और इस मामले पर भाजपा के मंत्री के बयान का विरोध करते हुए कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका। रैली के दौरान कांग्रेसी घंटा बजा रहे थे। एमपीएल मैदान के सामने प्रमुख सडक पर कांग्रेसी जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंक रहे थे तब पुलिस ने उन्हें रोकने का भरसक प्रयास किया लेकिन कांग्रेसी पुतला जलाने में सफल हुए। इस अवसर पर विधायक निलेश उईके ने मीडिया से कहा कि कई वर्षों पूर्व जब दूषित पानी की रिपोर्ट आ गई थी तो उस पर भाजपा सरकार और मंत्री ने कोई कारवाई ना करते हुए फाईल दबा ली। विधायक उईके ने 17 लोगों की असमय मौत के लिए भाजपा सरकार और मंत्री को दोषी बताया।

## नगर निगम ने गल्ला मार्केट में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर निगम आयुक्त छिन्दवाड़ा श्री सी.पी.राय के आदेशानुसार नगर निगम छिन्दवाड़ा द्वारा सोमवार को शहर में अतिक्रमण हटाने की व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान सी.एस. कॉम्प्लेक्स, आज़ाद चौक, राज टॉकीज के आसपास के क्षेत्र में अवैध रूप से स्थापित गुमठियों एवं चबूतरों को हटवाकर मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा गल्ला मार्केट, मिर्ची बाजार, पोस्ट ऑफिस रोड से थाना कोतवाली तक क्षेत्र का भ्रमण किया गया एवं पूर्व अतिक्रमण मुक्त कराये गए स्थानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही बस स्टैंड पुलिस लाइन गेट से छोटा तालाब, पवार होटल तक स्वयं से अतिक्रमण हटाने के लिये अलाउंसमेंट कराई गई।

### आदिवासी अंचल के प्राथमिक स्कूल पठरा में स्वेटर बांटी गई

**छिन्दवाड़ा।** स्कूल शिक्षा विभाग के विद्यालय उपहार योजना अंतर्गत कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल के मार्गदर्शन में उपहार योजना विद्यालयों में संचालित हो रही है। राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक व सचिव टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चाँद श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि विकासखंड चौरई के संकुल केंद्र व जनशिक्षा केंद्र चाँद के शासकीय प्राथमिक शाला पठरा जंगली रैय्यत में टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चाँद द्वारा अध्ययनरत 15 छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर व आंगनवाड़ी के 3 बच्चों को आवश्यक कपड़े प्रदान किये गए। ग्राम पठरा जंगली रैय्यत जो पहाड़ी पर स्थित है और आदिवासी समाज के लोग निवास करते है तथा पहाड़ी में होने की वजह से ठंडी हवा का वहां ज्यादा प्रकोप । इस अवसर पर जनशिक्षक श्री चंद्रशेखर मराठा, श्री अनिल मर्सकोले, श्री नारायण इनवाती, शिक्षक श्री विजय वानखेड़े, श्री सीताराम चौरे व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पतंगोत्सव से पहले प्रशासन सख्त, चायनीज धागे की बिक्री-भंडारण व उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

मकर संक्रांति के पर्व के मद्देनज़र जिले में बढ़ती पतंगबाजी और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ ने जनहित, लोकशांति एवं आमजन की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में चायनीज धागे (मांझे) की बिक्री, भंडारण एवं पतंगबाजी में उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश 5 जनवरी से प्रभावशील हो गया है। उल्लेखनीय है कि जैसे-जैसे मकर संक्रांति का पर्व नजदीक आ रहा है, जिले में पतंगबाजी का उत्साह बढ़ता जा रहा है। पूर्व में चायनीज धागे के उपयोग से कई स्थानों पर गंभीर घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें पक्षियों के घायल होने व मौत के मामले शामिल हैं। वहीं सड़क पर चलने वाले राहगीर भी इस घातक धागे की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं।

चायनीज धागा अत्यंत खतरनाक होने के कारण पतंगबाजी के दौरान हवा में फैलकर जानलेवा साबित हो सकता है। मकर संक्रांति के अवसर पर जिले में बड़े पैमाने पर पतंगबाजी होती है और ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

इन्हीं संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने चायनीज धागे के विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षित धागे का उपयोग करें तथा नियमों का पालन कर पर्व को सुरक्षित एवं उल्लासपूर्ण ढंग से मनाएं।

### छात्रों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ के लिए किया जागरुक

**छिंदवाड़ा ।** समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढ़ावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी श्याम सिंह ठाकुर के मार्ग दर्शन मे जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम पिंडरई कला हाई स्कूल मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की इस हब के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्धेश्य से महिलाओं के साथ हो रही घरेलू हिंसा से पीड़ति महिलाओं, शासन से मिलने वाली योजनाओं , सुविधाओं, ओर सरकारी मदद के बारे मे जानकारी देकर सहायता करना, एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर छिंदवाड़ा की रामलीला ने रचा भावनाओं का इतिहास

## दशरथ की करुणा और भरत के त्याग ने दर्शकों को किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



विश्व रामायण सम्मेलन के समापन समारोह में छिंदवाड़ा की ऐतिहासिक रामलीला ने अपनी सशक्त और भावनात्मक प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष पहचान बनाई। इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्राप्त हुआ, जिसमें भारत के विभिन्न अंचलों के साथ-साथ इंडोनेशिया और मणिपुर की प्रसिद्ध रामलीलाओं की प्रस्तुतियाँ भी सम्मिलित रहीं।

सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इसी भव्य आयोजन के समापन अवसर पर श्रीरामलीला मंडल छिंदवाड़ा को एक दिवसीय रामलीला मंचन के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसे दर्शकों ने अत्यंत श्रद्धा और भावनात्मक जुड़ाव के साथ देखा।

छिंदवाड़ा की रामलीला का मंचन रामकथा के करुण और त्यागपूर्ण प्रसंगों पर केंद्रित रहा। मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि प्रस्तुति की शुरुआत दशरथ देहत्याग से हुई, जिसने पूरे वातावरण को गंभीर और भावुक बना दिया। राजा दशरथ के रूप में इस लीला के मुख्य निर्देशक श्रांत चंदेल ने पुत्र-वियोग की पीड़ा, आत्मसंघर्ष और अंतिम क्षणों की वेदना को अत्यंत संयमित और सजीव अभिनय से प्रस्तुत किया। उनके स्वर, मौन और भावाभिनय ने दर्शकों को स्तब्ध कर दिया और अनेक दर्शकों की आँखें भर आईं। इसके पश्चात भरत का अयोध्या में प्रवेश और कैकेयी के प्रति उनका आक्रोश मंच पर उभरा।

भरत की भूमिका में ऋषभ स्थापक ने आत्मग्लानि, धर्मबोध और त्याग की भावना को गहराई से प्रस्तुत किया। उनके संवादों में आक्रोश के साथ-साथ भ्रातृप्रेम और कर्तव्य की पीड़ा स्पष्ट झलकती रही। कैकेयी के रूप में धीरज डेहरिया ने अपने चरित्र की कठोरता और अंतर्निहित पश्चाताप को प्रभावी ढंग से मंच पर उतारा, जिससे यह प्रसंग और अधिक मार्मिक बन गया। माता कौशल्या से भरत का मिलन करुणा और स्नेह का भावपूर्ण दृश्य बन गया। कौशल्या के रूप में अभिनव शुक्ला ने मातृत्व की पीड़ा, धैर्य और मर्यादा को संवेदनशील अभिनय से प्रस्तुत किया।

इसके बाद चित्रकूट के लिए प्रस्थान का दृश्य आया, जिसमें त्याग और कर्तव्य की भावना और अधिक प्रखर हुई। सुमंत की भूमिका में राजू माहोरे ने निष्ठा और सेवाभाव को सादगी से उभारा, वहीं निषादराज के रूप में बाबुल सिंगारे ने लोकभाव और आत्मीयता से कथा को जनमानस से जोड़ा। राजा जनक की भूमिका में नीरज चौरसिया सशक्त कलाकार के रूप में दिखाई दिए।

## पंचायत अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीण नाराज

# जेसीबी से पाइप लाइन टूटी, पानी के लिए लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



रामाकोना पंचायत में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है, मिली जानकारी के अनुसार जेसीबी से चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई जिसके चलते नाली का गंदा पानी ग्रामीणों के घरों में पहुंचने शिकायतें प्राप्त हो रही है,रामाकोना वार्ड नं 17 के बोर से ग्रामीणों टंकी में पानी पहुचाया जाता है,और यहीं से पानी संपूर्ण ग्राम लोगों के घरों में पानी पहुंचाया जाता है।

हाल ही में मातानाला मार्ग पर नाली का निर्माण कार्य जेसीबी मशीन से कराया जा रहा था। खुदाई के दौरान लापरवाही के चलते मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन टूटने के कारण पीने के पानी की लाइन में नालियों का गंदा और दूषित पानी मिल गया है। अब यही दूषित पानी सीधे ग्रामीणों के घरों में पहुंच रहा है।इधर पेयजल को लेकर ग्रामीणों के द्वारा पंचायत के प्रति नाराजी दर्ज की जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि विगत दो दिनों से ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं मिल रहा है। चर्चा के दौरान पूर्व सरपंच मुन्ना कलाम ने बताया ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव की लापरवाही के चलते ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। नाली निर्माण के दौरान पंचायत के द्वारा ढेर सारी अनियमितताएं एवं लापरवाही बढ़ती गई है जिसके चलते मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है और लोगों के घरों में नालियों का गंदा पानी जा रहा है।

नलों से आने वाला पानी इतना गंदा और बदबूदार है कि उसका उपयोग करना तो दूर, उसे देखना भी दूषित महसूस होता है। ग्राम पंचायत में चल रही लापरवाही को लेकर पूर्व में कई ग्राम पंचायत सचिव को अवगत किया जा चुका है,बावजूद इसके ग्रामीणों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। जेसीबी के द्वारा जब खुदाई का कार्य किया जा रहा था उसे समय मौके पर कोई पंचायत का प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था जिसके चलते मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है।इधर चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत सचिव कमलाकर बोबडे ने बताया कि ग्राम के विकास को लेकर नाली निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसमें मुख्य पाइपलाइन लीकेज हो गई है, इसके बाद में पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है और ग्रामीणों को वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर नियमित पानी दिया जा रहा है। जल्द ही मुख्य लिकीज को सुधारकर शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## जिला माली समाज विकास परिषद ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती




**छिंदवाड़ा।** रविवार को जिला माली समाज विकास परिषद वार्ड नंबर 40 नई सब्जी मण्डी, छिंदवाड़ा के तत्वाधान में महिला कार्यकारिणी द्वारा देश समाज का गौरव एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती माली समाज भवन में मुख्य रूप से महिला अतिथि श्रीमति रत्नमाला पिसे, श्रीमती निरूपमा ब्रम्हे, श्रीमती जानकी बाई घोरसे, श्रीमति वैशाली मटकर, श्रीमति नीतू सराठे, श्रीमती कृति गुप्ता, श्रीमती नीता वर्मा, श्रीमति स्वाति चैरसिया, श्रीमति संगीता आलोनकर सहित कार्यकारिणी सदस्य अनिता चरपे, लक्की चोरकर, शुभांगी घोरसे, वर्षा भुसानकर, माधुरी सेमेकार, लक्ष्मी दास, संगीता चरपे, सोनाली भगत, रजनी सातपुते, चंद्रकला घोरसे, निशा कारटे, मनोरमा सातपुते, गंगा चरपे, सुमनबाई भुसानकर, रेखा घोरसे, रंजना सातपुते, सुनीता घोरसे की उपस्थिति में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर उनके द्वारा किये गये समाज सुधार एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया।इस अवसर नन्हे बच्चो द्वारा सावित्री बाई फुले जी के जीवन चरित्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुती दी । कार्यक्रम पश्चात सभी मुख्य अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं शील्ड से सम्मानित किया और बच्चों को पुरूस्कार दिये गये । मंच संचालन आकाशवाणी की श्रीमति स्वाति चैरसिया द्वारा किया गया । आभार प्रदर्शन श्रीमती लक्की चोरकर द्वारा किया गया ।

## मध्य प्रदेश पोस्टल स्पोर्ट्स बोर्ड के ट्रायल संपन्न



**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव।** ओलंपिक स्टेडियम छिंदवाड़ा में सोमवार को मध्य प्रदेश पोस्टल स्पोर्टस बोर्ड के ट्रायल संपन्न किए गए.इस दौरान जिला एवं खेल युवा कल्याण विकास विभाग के हाल में पावरलिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग व बेस्ट फिजिक्स बॉडीबिल्डिंग ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन किया गया. हाल में हुए इस ट्रायल बोर्ड के चयन के बाद खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर खेल का आयोजन चेन्नई में आयोजित होगा. ट्रायल के पूर्व जिला एवं खेल युवक कल्याण संघ के पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया. इसके पूर्व बजरंगबली के छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर दीप प्रचलित किया गया. पावरलिफ्टिंग व वेट लिफ्टिंग में लगभग 10 से अधिक व बॉडीबिल्डिंग बेस्ट फिजिक्स ट्रायल में लगभग चार खिलाड़ियों का चयन सोमवार को किया गया. इस दौरान चयन करता जजमेंट में अधीक्षक जीके कावड़े, के तिवारी विश्वामित्र अवॉर्डी,बिंदेश्वरी पाल, वेट लिफ्टिंग निर्णायक नरेंद्र सोनी, पावरलिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग निर्णायक विजय वाडवुदे, योगेश राठौर, अजय वाडवुदे, कृष्ण कुमार चौरसिया मौजूद थे।

## बडोसा में गोपालकाला दहीहांडी का हुआ आयोजन

**सौंसर।** ग्राम बड़ोसा में गोपाल काला कीर्तन एवं दहीहंडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया आयोजन के दौरान महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार ह. भ. प. कीर्तनकेसरी पद्माकर महाराज देशमुख ने धार्मिक, सांस्कृतिक व पारिवारिक विषयों पर ओजस्वी व प्रेरणादायक कीर्तन से उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। इस दौरान ग्राम के अलावा आसपास के अनेक ग्रामों के भक्ति गानों ने दलाई एवं गोपाल काला कीर्तन कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ लिया,दलाई गोपाल काला कीर्तन में प्रमुख रूप से सौसर विधायक विजय चौरे,चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी,जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पटेल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज ठाकुर,कोठीराम धुर्व आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## निःशुल्क शीतकालीन खेल-कूद, मार्शल आर्ट कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



शहर में संचालित आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी जुन्नारदेव द्वारा निःशुल्क शीतकालीन कैंप का आयोजन 5 से 15 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस कैंप में सभी खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस एक्टिविटी,मार्शल आर्ट कराते, थांगता, एथलेटिक्स, चित्रकला,योगा,मेडिटेशन,ट्रैकिंग, वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिता में सम्मिलित कर अपडेट स्किल के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत किया जाएंगा एवं आगामी विभिन्न खेल प्रतियोगितायो में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेनिंग कैंप अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी मार्शल कोच योगेश रुखमांगद द्वारा शाम 4:30 से 6:00 बजे तक विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण जुन्नारदेव में दिया जाएंगा। खिलाड़ियों को योगा, प्राणायाम,मेडिटेशन के माध्यम से तनाव मुक्त रहते हुए पारंपरिक पारिवारिक संस्कार से संबंधित बाते भी सिखाई जायेंगी। बालिकाओं को विशेष तौर पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। खिलाड़ियों के मनोबल बढ़ाने हेतु चित्रकला/वाद-विवाद/एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेल के प्रति शहर के मुख्य मार्गो से खिलाड़ियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी नियमानुसार इस शीतकालीन कैंप में भाग ले सकता है। खिलाड़ियों को इस शीतकालीन कैंप में शहर के अनुभवी कोच,पूर्व खिलाड़ी,अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी,अधिकारियों से मुलाकात कर कठीन परिश्रम कर सफल होने हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## पेयजल जलापूर्ति को सुचारू करने किया गया निरीक्षण



**जुन्नारदेव।** नगर पालिका जुन्नारदेव के अध्यक्ष श्री रमेश सलोडे, सीएमओ नेहा धुर्वे,उपयंत्री अनुराग सरैया तथा जल प्रदाय के कर्मचारियों द्वारा नगर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से जल स्रोत, वाटर फिल्टर प्लांट, नगर की पेयजल पाइपलाइन, ओ एच टी, का सामूहिक रूप से निरीक्षण किया गया, जल परीक्षण कर नमूने लेकर लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भेजे गए हैं ताकि मानक के अनुरूप जल की गुणवत्ता को बनाए रखें तथा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नगरवासियों को की जा सके ।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उपयंत्री तथा जल प्रदाय कर्मचारियों को लीकेज पाइपलाइन का नियमित निरीक्षण करने, पेयजल से संबंधित शिकायतों का अविलंब निराकरण करने, जल स्रोतों,पानी की टंकी, कुएं आदि की नियमित रूप से साफ सफाई करने, पेयजल गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।



## डेढ़ साल से कटा पड़ा हैं सागवान, वनविभाग नहीं दे रहा ध्यान

**सौंसर।** सौंसर ब्लाक के कन्हान एरिया के ग्राम सर्रासांवली के दर्जनों किसानों का कटा हुआ सागवान वनविभाग द्वारा नहीं उठाने से सागवान खराब हों रहा हैं। परेशान होकर किसान जिला मुख्यालय पर पहुंचकर कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्या बताएंगे।किसान सचिन पिता हेमराज, रामदास पिता गणपत सहित अन्य किसानों नें बताया की शासन के नियमों के तहत सभी किसानों नें फ्राइल तैयार कर सागवान के पेड़ काटे हैं। सागवान काटने को देढ साल का समय हों रहा हैं लेकिन अब तक वनविभाग के उत्पादन विभाग द्वारा माल नहीं उठाया हैं।सभी किसानों द्वारा कई बार कटे माल को उठाने के लिए निवेदन किया एवं इसका भुगतान करने का निवेदन किया लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। आखिरकार तकहराकर सभी किसान अपनी समस्या जिला कलेक्टर को बताएंगे।

## कभी अधिक तौल से परेशानी तो अब धान चोरी बनी किसानों के लिये सिरदर्द

# लगातार जारी है खरीदी केंद्रों से धान की चोरी, पुलिस की सख्त कार्यवाही नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज लांजी।



क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों से लगातार हो रही धान की चोरी की समस्या गंभीर होती जा रही है, क्योंकि पुलिस की कड़ी कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं, जिससे किसानों का पुलिस प्रशासन और सरकारी व्यवस्था से भरोसा उठ रहा है। किसानों का कहना है की 3100 रूपये पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के चुनावी वादे पर अब तक मुहर नहीं लग पाई। जिससे किसान अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, वहीं खरीदी केंद्रों में भी 40.600 किलोग्राम की जगह प्रभारियों द्वारा 40.800 और 41 किलोग्राम तक धान तौलकर किसानों के पेट पर लात मारने का कार्य किया जा रहा है। तो दूसरी तरफ इतनी चाक चौबंद व्यवस्था होने के बावजूद चोर भी किसानों की उपज पर हाथ साफ करने में लगे है। विगत एक सप्ताह पूर्व कारंजा स्थित उपार्जन केंद्र में रात में दो चोरों को मोटरसायकल में धान की बोरी चोरी करते हुए समिति के कर्मचारियों ने पकड़ा था। वहीं अब 2 जनवरी को ग्राम मोहझरी के उपार्जन केंद्र में चोरी का मामला प्रकाश में आ गया। यहां खरीदी केन्द्र प्रभारी मोरेश्वर आठोड़े ने जानकारी में बताया कि 2 जनवरी को चोरो के द्वारा दो कट्टी धान की बोरी चोरी कि जा रही थी, जिन्हें किसानों की सहायता दो चोरो को पकड़ा गया जिनके नाम गौरव नखाते और पवन भागडकर बताये गये है इनमे से गौरव नखाते को धान की बोरी चोरी करते हुये पकड़कर डायल 112 में सूचना देकर इन्हे पुलिस के हवाले किया गया वहीं दूसरे आरोपी पवन भागड़कर 4 तारीख को पुलिस ने पकड़ा है। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि इसके पहले भी केन्द्र से धान की बोरियां चोरी हुई है। जिसमें 23 दिसंबर को 8 कट्टी धान, 25 दिसंबर को 5 कट्टी शाम के समय चोरी की गई है। लगभग 6 क्विंटल धान चोरी की गई है। केन्द्र प्रभारी ने कहा विगत वर्ष भी धान खरीदी के समय धान की बोरियां चोरी की गई थी। जिसकी पूरी भरपाई केंद्र प्रभारी को करना पड़ता है।

### चोरी की समस्या की गंभीरता नहीं समझ रही पुलिस

किसानों का कहना है की धान खरीदी केंद्रों पर चोरी और अनियमितताओं से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका शोषण हो रहा है। यह केवल एक केंद्र की नहीं, बल्कि पूरी धान खरीदी प्रणाली की लापरवाही और मिलीभगत का संकेत है, जिससे पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा होता है। अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो किसान सरकार और प्रशासन से अपना विश्वास खो देंगे। किसानों का कहना है की अतिरिक्त तौल करने वाले कर्मचारियों और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही धान चोरों और चोर गिरोह को सबक सिखाते हुए उन्हें धान खरीदी तक जेल भेज देना चाहिए ताकि किसानों को राहत मिल सके और धान खरीदी प्रक्रिया में बाधा न पहुंचे।

## ग्राम कुम्हारी में एनएसएस विशेष शिविर का छठवां दिवस सम्पन्न

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बालक एवं बालिका इकाई द्वारा ग्राम कुम्हारी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस (3 जनवरी 2026) को बौद्धिक सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिवस की शुरुआत पारंपरिक लोकनृत्य एवं लोकगीतों से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्रामीण लोकसंस्कृति की सुंदर प्रस्तुति दी। बौद्धिक सत्र में जिला यातायात थाना प्रभारी श्रीमती यीना राहंगडाले ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट की अनिवार्यता एवं नियम पालन पर जोर दिया। वहीं जिला साइबर सेल से श्रीमती चांदनी शांडिल्य ने साइबर फ्रॉड, ओटीपी ठगी एवं सोशल मीडिया सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात एलडीएम संजीव कुमार (आकाशवाणी बालाघाट) ने वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता पर उद्बोधन दिया तथा संबंधित पुस्तकों का विमोचन किया।

## अस्वच्छ पानी आने की स्थिति में नपा कर्मचारियों को सूचना देवे- सूर्यप्रकाश उके

# नपा सीएमओ ने जल जनित बिमारियों से बचाव हेतु आम जनता से की अपील

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद प्रदेश भर में पेयजल की शुद्धता का दौर चल रहा है। शासन के निर्देशों पर महानगर पालिकायें, नगरपालिका परिषद व नगर परिषदों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में हो रही पेयजल सप्लाई का निरीक्षण करने का कार्य चल रहा है। नगरपालिका परिषद वारासिवनी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने भी जल जनित बिमारियों से बचाव के लिए नागरिकों के लिए एक अपील जारी की है।**

सीएमओ श्री उके द्वारा जारी इस अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वह हमेशा उबला हुआ पानी पीये, 20 लीटर अथवा 1 बाल्टी पानी में 500 एम जी की क्लोरिन गोली का इस्तेमाल करें, किसी भी स्थिति में नदी, तालाब या खुले के कुँए के पानी का सेवन ना करें, पेयजल स्त्रोतों के आसपास गंदगी ना करें और ना ही कचरा फेंके, पेयजल के स्त्रोतों को स्वच्छ बनाये रखे, ताकि पानी दूषित ना हो, बाजार या अन्य स्थानों पर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थो का सेवन बिल्कुल भी ना करें और ना ही बासी खाना खाये। पहले से कटे हुये फल का सेवन ना करें।

नागरिकों से अपील में अपेक्षा की गई है कि वह स्वच्छता बनाये रखने के लिये खाना खाने के पहले और बाद में साबुन से अच्छी तरह से हाथ धोये, शौचालय जाने के बाद साबुन या डेटाल से हाथों की नियमित सफाई करें, अपने घरों, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता बनाये रखे, क्योंकि सारी बिमारियों की जड़ दूषित वातावरण ही है। यदि आप स्वास्थ्य संबंधी किसी परेशानी में है, तो अपने पास के स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर अपना उपचार करायें और चिकित्सक द्वारा दी गई दवाई का ही सेवन करें, बिना डाक्टर के सलाह की किसी भी तरह की दवाई का सेवन किसी भी स्थिति में ना करें। नगर परिषद वारासिवनी क्षेत्र अंतर्गत किसी भी वार्ड में किसी भी व्यक्ति को यदि पेट दर्द, उल्टी, दस्त या बुखार की शिकायत हो, तो तत्काल पास के स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। सीएमओ श्री उके ने नगरपालिका परिषद अंतर्गत आने वाले किसी भी वार्ड में गंदा पानी, अस्वच्छ पानी आने की जानकारी मिलने पर तत्काल नगर परिषद वारासिवनी कार्यालय या फिर उपयंत्री सुमित मोटवानी के मोबाईन नम्बर 7974600907, सुरेन्द्र लडक़र 7582955397 या महेश साहू 7898748170 पर सूचित करने का अनुरोध किया है।

## स्व.लोकरामजी बोहरे की स्मृति में 8 दिवसीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मुख्यालय से 7 कि.मी.दूर ग्राम देवगांव के हाईस्कूल ग्राउंड में 5 जनवरी 2026 से 8 दिवसीय डीपीएल देवगांव व प्रिमीयर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाई यूसुफ पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किरनापुर, तबरेज खान जी पटेल ,सुरेंद्र (गुड्डा) चौधरी, सरपंच लक्ष्मण बेलेजी, उप सरपंच हरिचंद दौनोडकर,पूर्व सरपंच योगेश जी बोहरे ,पुलिस पटेल चितरंजन जी बोहरे, लोकेश जी बोहरे एवं समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत देवगांव के तत्वाधान में स्वर्गीय श्री लोकचंद जी बोर की स्मृति में टेनिस बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इसमें प्रथम पुरस्कार 26,666 रूपए , द्वितीय पुरस्कार 13,333 रुपए रखा गया है जिसमें कप्तान अभय बेलेकर, उपकप्तान आशीष भंडारकर,टीम कोच सुखचंद जी बेलेकर, कमेंटर हेमंत बेलेकर यह कार्यक्रम प्रति वर्षा नुसार 32 साल से किया जा रहा है यह कार्यक्रम समस्त ग्रामीण के सहयोग से किया जाता है।

## हॉक फोर्स ने बदल दी सरकारी स्कूल की तस्वीर, फोर्स और जनता के बीच रिश्ते हुए और मजबूत

### जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम बगदेही में 20 जवानों की टीम ने किया रंगरोगन और साफ-सफाई



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नक्सली उन्मूलन के तहत नक्सलियों से समर्पण के बाद भी नक्सल प्रभावित इन ग्रामों के लोगों को फोर्स के जवानों ने भुलाया नहीं है बल्कि ओर भी बढ़ चढ़कर सेवा कार्य में जुटी है। नक्सल मुक्त होने के बाद बालाघाट जिले के लांजी थानांतर्गत ग्राम बगदेही से हॉक फोर्स के जवानों ने सेवा की मिसाल पेश करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला बगदेही को चमका दिया। जवानों ने स्कूल परिसर की साफ -सफ ाई कर उसे पूरी तरह रंगरोगन कर चमका दिया है। इस अवसर पर हॉक फोर्स के निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की पहल और मार्गदर्शन में डीएसपी अखिलेश गौर के नेतृत्व में लांजी और बैहर क्षेत्र में लगभग 250 ऐसी शासकीय शालाओं का कायाकल्प करने का हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि नक्सल मुक्त होने के बाद भी हमारा काम पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। हमारा प्रण है कि इन दूरस्थ और वनांचल ग्रामों में रहने वाले गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने और अन्य शासकीय सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। हॉक फोर्स के जवानों ने पहले भी गांव में कैंप आयोजित कर पुलिस और जनता के बीच समन्वय बनाने का प्रयास किया है और लगातार कर रही है, इसके साथ ही फोर्स द्वारा समय-समय पर नक्सल प्रभावित ग्रामों में चिकित्सा कैंप, खेल आयोजन और जरूरत की सामग्री बांटकर उनके साथ हमेशा समन्वय बनाने का प्रयास किया है। हॉकफोर्स के इस सेवा कार्य से ग्रामवासियों में खुशी की लाहौर है। उन्होंने जवानों के इस कार्य की सराहना की और कहा कि इससे फोर्स और जनता के बीच अच्छे रिश्ते बन रहे हैं। जवानों के इस कार्य से बच्चों में भी शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ रही है। हॉकफोर्स द्वारा किये गये इस सेवा कार्य के लिये ग्रामवासियों ने जवानों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे हमेशा उनके साथ हैं।

### निरंतर जारी रहेंगे सेवा कार्यः अजीत सिंह

इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए हॉकफोर्स के निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया की पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की पहल से ही यह संभव हो सका है। उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में पुलिस और फोर्स जिले में बेहतर कार्य कर पा रही है जिले से नक्सल खात्मे के बाद भी हमारा कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। वनांचल ग्रामों में रहने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके इसके लिये पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा एवं डीएसपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में हॉकफोर्स के जवानों आज बगदेही के शासकीय प्राथमिक शाला भवन का कायाकल्प कर बच्चों को अच्छा वातावरण देने का एक छोटा सा प्रयास किया है और आगे भी हमारे द्वारा लांजी एवं बैहर क्षेत्र में लगभग 250 शाला भवनों को इसी तरह दुरूस्त करने का लक्ष्य है।

## शासकीय महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भारत सरकार के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं पर्यावरण नियोजन तथा समन्वय संगठन एप्को पर्यावरण विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के प्रयोजन में शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के ईको क्लब व वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी एवम् पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षावार 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें कुल 24 विद्यार्थी थे। जिसमें वनस्पति शास्त्र विभाग एम एस सी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान पाया, बी एस सी तृतीय ने द्वितीय व एमएससी चतुर्थ व बीएससी प्रथम ने संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को जलवायु एवम् पर्यावरणीय संकट व जैव विविधता एवम परिस्तिथिकी विषय दिया गया। जिसमें कुल 12 टीमों ने सहभगिता दर्ज की। जिनमें जागृति पटले एमएससी प्रथम सेमेस्टर को प्रथम, नमिता बागड़े, जागृति बिसेन को द्वितीय तथा विदिशा, मासूम, महक, मुस्कान को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक के रूप में हेमन्त गनवीर विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, मोहनीश इडपाचे विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान व दोमदत्त सिंह प्राणी विज्ञान ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय दान्दरे, डॉ सज्जाद मीर, राजेश तुमरामे, हिमांशु गुर्दे सहायक प्राध्यापक वाणिज्य का सहयोग रहा।



खबर संक्षेप

## विशाल हिन्दू सम्मेलन का भूमि पूजन हुआ सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बंडोल में हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन हुआ जिसको मान शास्त्री जी के द्वारा वैदिक मंत्रों द्वारा भूमि पूजन कराया गया
भूमि पूजन के पश्चात धर्म ध्वजा स्थापित किया गया और कार्यक्रम का परिचय कराया गया चुकी कार्यक्रम 18 जनवरी को है इसके पूर्व 6 जनवरी कलश यात्रा पूरे बंडोल नगर में भ्रमण कराया जाएगा फिर उसके पश्चात धर्म ध्वजा वो कलश यात्रा हर गांव गांव में जा कर भ्रमण करेगी और हिन्दू एकता समरसता का संदेश देगी एवं बंडोल में जो। हिंदू सम्मेलन होना है उसका आमंत्रण भी घर घर जा कर देगी।18 जनवरी को दिन रविवार बंडोल में हिंदू सम्मेलन होना है उसकी रूप रेखा बताई गई।
भूमि पूजन व धर्म ध्वजा स्थापित कार्यक्रम में आज बंडोल में सभी वरिष्ठ नागरिक व सकल हिंदू समाज उपस्थित हुआ।।

# जिले में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ संपन्न

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की उचित मार्केटिंग सुनिश्चित करने हेतु सिवनी जिले में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया गया। निर्देशानुसार सप्ताह में कम से कम एक दिन जैविक उत्पादों के विक्रय हेतु बाजार आयोजित किए जाने के क्रम में दिनांक 05 जनवरी 2026 को सिवनी नगर के उद्यानिकी विभाग स्थित कंपनी गार्डन में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ संपन्न हुआ।**

### अब प्रत्येक सप्ताह रविवार को जैविक हाट बाजार थोक सब्जी मंडी नागपुर रोड मे लगेगी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जैविक हाट बाजार के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन विधायक दिनेश राय, पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक श्री दिनेश राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैविक हाट बाजार कृषकों को उनके उत्पादों का उचित



मूल्य दिलाने के साथ-साथ आम नागरिकों को शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक जैविक उत्पादों के उपयोग का आह्वान किया।

पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी मिट्टी का नियमित परीक्षण कराएं तथा कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में खेती करें, जिससे उत्पादन लागत कम होगी और फसल की गुणवत्ता एवं उपज में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की वैज्ञानिक खेती से कृषकों की आय में भी वृद्धि संभव है।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैविक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों एवं रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे जैविक हाट बाजार में आने वाले किसानों के उत्पादों का क्रय कर उन्हें प्रोत्साहित करें। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के विपणन को सशक्त बनाने हेतु यह पहल की गई है।

शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात प्रत्येक सप्ताह रविवार को जैविक हाट बाजार आयोजित किए जाने हेतु थोक सब्जी मंडी, नागपुर रोड, सिवनी में स्थान आरक्षित किया गया है, जहाँ जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद लेकर आने वाले कृषकों को विक्रय हेतु समुचित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।



### विधायक दिनेश राय मुनमुन जैविक हाट बाजार शुभारंभ कार्यक्रम मे हुए शामिल

सिवनी- सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार कार्यक्रम मे शामिल हुए। आज सिवनी नगर के कंपनी गार्डन मे जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण व कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार शुभारंभ कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन अतिथि के रूप मे शामिल हुए।

## बढ़ती ठंड के मद्देनजर नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह 9.30 बजे के बाद लगाने के आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जिले में बढ़ती ठंड और तापमान में गिरावट के मद्देनजर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य हित में जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, आई.सी.एस.सी., सी.बी.एस.ई., अनुदान प्राप्त एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक की कक्षाएं आगामी आदेश तक प्रातः 9.30 बजे से पूर्व संचालित नहीं किये जाने के आदेश जारी किया गया है।
जारी आदेशानुसार विद्यालयों की अन्य आवश्यक एवं महत्वपूर्ण गतिविधियां जैसे परीक्षा आदि पूर्ववत संचालित होती रहेंगी।

## अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर

**सिवनी।** नव वर्ष के प्रथम दिन सिवनी से जबलपुर मार्ग स्थित गांव गोरखपुर गांव के समीप एक अज्ञात वाहन चालक द्वारा लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति को जोरदार टक्कर मारकर वाहन चालक फरार हो गया है। वहीं अज्ञात व्यक्ति को उपचार के लिए कुछ लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जिला अस्पताल के आर्थोवार्ड में चल रहा है। अज्ञात व्यक्ति का उपचार डॉक्टर एस के सुरोठिया द्वारा किया जा रहा है। सिर में चोट लगने के कारण 40 वर्षीय व्यक्ति अपना नाम व निवास स्थान कुछ भी बताने में असमर्थ है। काले रंग का पैंट पहने हुए अज्ञात व्यक्ति का फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार जारी है। बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गोरखपुर में हुए हादसे में पुलिस ने फिलहाल अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। अज्ञात व्यक्ति कौन है? इसकी शिनाख्त भी की जा रही है।

## आज म्यूजिकल ग्रुप मिलन मेरे श्याम से भजन संध्या कार्यक्रम की प्रस्तुति देगा

**केवलारी** - विगत वर्षनुसार इस वर्ष भी नगर के श्याम परिवार के भक्तों द्वारा नववर्ष में मिलन में श्याम से कार्यक्रम का स्थानीय जैन मंदिर प्रांगण में दिनांक 6 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को रखा गया है। श्याम परिवार के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में बाबा श्याम को स्थानीय दुर्गाम्बा मंदिर से शंखनाद कर कार्यक्रम स्थल ले जाकर बाबा का दिव्य दरबार भक्तों के लिए लगाया जाएगा। बाबा श्रीश्याम की पूजन एवं श्याम परिवार की महिलाओं के





द्वारा बाबा श्रीश्याम को 56 भोग लगाया जाकर अखंड ज्योत को प्रज्वलित किया जाएगा । तदुउपरांत कार्यक्रम के दूसरे चरण में आर.आर म्यूजिकल ग्रुप के श्याम भजन गायक अमित राजा एवं गायिका ऋतु पावर एवं रेखा यादव द्वारा श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। सुमित आर्ट के कलाकारो द्वारा कृष्ण लीला पर आधारित कृष्ण राधा स्वरूप मे महारास होगा। फूलों की होली ,श्याम रसोई का भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

श्याम परिवार के द्वारा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा के भक्तिमय दरबार में हाजरी लगाकर श्रीश्याम बाबा के संगीतमय भजनो का आनंद लेने की अपील श्याम भक्त महेंद्र यादव ने किया है ।

## कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत स्कूलों का किया गया भ्रमण

कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण के अंतिम दिन आज शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी की टीम द्वारा स्थानीय स्कूलों एवं ग्रामीण अंचल के कातलबोडी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल का भ्रमण किया गया । कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी प्रो . नरेंद्र भीम टे ने विद्यार्थियों के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की बारीकियों को समझाते हुए बताया कि अब पढ़ाई का पूरा पैटर्न बदला चुका है, परंपरागत अध्ययन शैली बदल चुकी है, मेजर ,माइनर ,एमडीसी, वोकेशनल विषयों का चयन 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद करना होगा । अब छात्र जिस विषय में रुचि रखता है वह उस विषय को मेजर विषय के रूप में ले सकता है ,यहां तक की विज्ञान संख्या का छात्र भी अब एक विषय के रूप में कला विषय का चयन कर विषय भी ले सकता है । मूल्यांकन पद्धति में भी अब बदलाव हो चुका है, मूल्यांकन भी अब क्रेडिट सिस्टम से होने लगा है ।

### भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन के निवास पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की मोहन यादव सरकार की अदूरदर्शीता के चलते इंदौर नगर निगम द्वारा इंदौर नगर वासियों को सप्लाई किये गये दूषित पेयजल के कारण 16 लोगों की मृत्यु हो गई और हजारो नागरिक प्रभावित हुये है जिसके विरोध में घंटा रैली निकाल कर सिवनी विधानसभा 115 के स्थानीय विधायक दिनेश राय मुनमुन के निवास के सामने मोहन यादव सरकार और सत्ता के नशे में मदहोश मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के तत्काल स्तीफे की मांग को लेकर सोई हुई प्रदेश सरकार को जगाने घंटा बजाकर विरोध दर्ज किया गया।
जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि आज विपक्ष की भूमिका में रहकर मोहन यादव सरकार को जगाने, सरकार के अंग कहे जाने वाले सिवनी भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन के निवास पर विरोध प्रदर्शन करने मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि प्रदेश की भाजपा सरकार की नजरों में प्रदेश के नागरिको के जीवन का मूल्य सिर्फ लाख दो लाख रूपय तक ही सीमित रह गया है। जिसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उनके बडबोले मंत्रियों द्वारा आये दिन ओछी मानसिकता से पूरे



प्रदेश में अराजकता का माहौल निर्मित हो रहा है आज प्रदेश का नागरिक परेशान, बे-बश और अपने आपको ठगा से महसूस कर रहा है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश एवं जिले के आम नागरिको के हितो की रक्षा के लिए आम जनता के साथ खडी है और रहेंगी, चाहे प्रदेश की भाजपा सरकार अपने सत्ता के नशे में शासकीय तंत्र के माध्यम से हम पर कितना भी अत्याचार क्यों ना कर ले किन्तु कांग्रेस पार्टी आगे भी उसका डटकर मुकाबला करेंगी।
श्री मरावी ने प्रदेश की मोहन यादव सरकार से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्री पद से बख्रास्त करने एवं इंदौर नगर निगम की गंभीर अमानवीय घटना के जिम्मेदार महापौर और संबंधित अधिकारियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की गई।
इस विरोध प्रदर्शन आंदोलन में शिव सनोडिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, राजिक अकील, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तेजसिंह रघुवंशी, संजय बघेल, शिवनारायण सिंह उइके, किशोरी कुंजाम, कमलेश सनोडिया, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, श्रीमती आशा भलावी, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, धुरवनाराण चौधरी, विजय उइके, फिरोज खान, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष धनंजयसिंह, जिला पंचायत सदस्य नितिन डहेरिया, गिडियन टी सिंह, जिला सोशल मीडिया अध्यक्ष शिवदीप डहेरिया, युवा कांग्रेस सोहेल अमन खान, नितिन मिश्रा, कैलाश अवधिया, चन्द्रहास सनोडिया, पार्षद महमूद भाई, लोकेश ठाकुर, ऋषभ सिंह ठाकुर, तनु इनवाती, लोकेश ठाकुर, डालचंद पप्पू पुसाम, गनी खान, संदीय चौरसिया, तोषिर बेग, सरदार सिंह बघेल, सतेन्द्र बघेल, अनिल रजक, सतीश रजक, रितेष पांडे, जयप्रकाश यादव, नरेश बंजारा, रहीम शाह, रजनीश शेन्डे, तिलकचंद मोरे, अ.माजिद खान, जावेद अली, हर्षित रघुवंशी, परमानंद जंघेला, अंकित सनोडिया, सोनू पांसे, सुमित मरावी, सोनू कुडापे, राहुल चौधरी, डीआर पुसाम सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# प्राइवेट बस स्टैंड के पीछे के हटेंगे अतिक्रमण, नोटिस जारी करने के निर्देश

### कलेक्टर एवं एसपी ने नगरीय क्षेत्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने नगरीय क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई, सुरक्षा एवं नागरिक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया।

सर्वप्रथम कलेक्टर एवं एसपी ने बस स्टैंड के पास स्थित नाले की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कार्य को प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। साथ ही पुल से होने वाले आवागमन को दृष्टिगत



रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने प्राइवेट बस स्टैंड के पीछे प्रस्तावित हॉकर जोन के लिए चिन्हित भूमि का अवलोकन किया। कलेक्टर ने नगरपालिका के अधिकारियों को भूमि आवंटन के लिए विधिवत आवेदन करने, समुचित प्रक्रिया अपनाने तथा एक उन्नत एवं व्यवस्थित प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉकर जोन विकसित होने से यातायात व्यवस्था सुगम होगी एवं व्यवसाइयों को भी सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उक्त भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को नोटिस जारी कर शीघ्र अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए।

इसके उपरांत कलेक्टर एवं एसपी मठ तालाब के पास स्थित नगरीय क्षेत्र के ओएचटी टैंक पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्राइवेट बस स्टैंड के पीछे के हटेगें अतिक्रमण नोटिस जारी करने के निर्देश

## नाबालिग एवं उसके साथी का अपहरण कर मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### शेष दो विधि उल्लंघनकारी बालकों को भेजा गया बाल संप्रेक्षण गृह

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों एवं शहर में गुण्डागर्दी कर शहर में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित कर रहे हैं। एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा कटंगी नाका ब्रिज के पास नाबालिक एवं उसके साथी का अपहरण कर गुण्डागर्दी करते हुए मारपीट करने वाले सभी आरोपियों की धरपकड़ कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 31/12/2025 को गंज वार्ड का अस्मित मानाठाकुर अपने साथियों आदित्य मानाठाकुर, भूपेन्द्र उर्फ लकी विश्वकर्मा, पारस विश्वकर्मा, अभिषेक उहके एवं सुखलाल उर्फ दादू यादव द्वारा चेतन दुर्गे एवं उसके नाबालिक साथी का रास्ता रोककर, अपहरण कर मोटर सायकल एवं स्कूटी से गुप्त स्थान पर ले जाकर परिरुध्द कर लाठी एवं डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया जाकर तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियों की धरपकड़ की जाकर 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा सभी 04 आरोपियों को में जेल भेजा गया है एवं शेष अन्य 02 विधि उल्लंघनकारी बालकों को विधिवत अभिरक्षा में लिया जाकर माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर विधि उल्लंघनकारी बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है, साथ ही साथ आरोपी अस्मित उर्फ ईश्वर मानाठाकुर की गुण्डा फाइल खोलने हेतु कार्यवाही जारी है।

पूर्व आपराधिक रिकार्ड- 1. आरोपी अस्मित उर्फ ईश्वर मानाठाकुर के विरूध्द थाना कोतवाली एवं डुण्डासिवनी में अवैध शराब विक्रय एवं मारपीट के कुल 14 आपराधिक प्रकरण, 2. भूपेन्द्र उर्फ लकी विश्वकर्मा के विरूद्ध थाना कोतवाली सिवनी में सट्टा एक्ट एवं मारपीट के कुल 06 आपराधिक प्रकरण, 3. अभिषेक उडक़े के विरुद्ध आम्र्स एक्ट एवं चोरी के 02 आपराधिक प्रकरण, 4. आदित्य मानाठाकुर के विरूध्द मारपीट का 01 आपराधिक प्रकरण, 5. 01 विधि उल्लंघनकारी बालक के विरूध्द मारपीट के 13 आपराधिक प्रकरण तथा दूसरे विधि उल्लंघनकारी बालक के विरूध्द मारपीट का 01 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।
गिरफ्तार आरोपी मे अस्मित उर्फ ईश्वर मानाठाकुर पिता अनिल मानाठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी छिन्दवाड़ा रोड़ रेल्वे क्रॉसिंग के पास किदवई वार्ड सिवनी। लक्की उर्फ भूपेन्द्र विश्वकर्मा पिता पप्पू विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी शनि मंदिर के पीछे रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी। अभिषेक उइके पिता अजय पाल उडक़े उम्र 26 वर्ष निवासी सांई मंदिर के सामने रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी। आदित्य मानाठाकुर पिता विशाल मानाठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी कुचबुन्दिया मोहल्ला रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी एवं अन्य 02 विधि उल्लंघनकारी बालक दोनों की उम्र करीबन 17 वर्ष।
**विशेष भूमिका:** थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, सउनि दिनश रघुवंशी, आर. सतीश इनवाती, संतोष साहू, विनय सेंगर, प्रतीक बघेल एवं आर चालक इरफान।

## मध्य प्रदेश राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता मे संदीप का चयन

**धारना कला,** मध्य प्रदेश टेबल टेनिस सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में तीन और चार जनवरी को किया गया था, जिसमें मध्य प्रदेश के सभी शासकीय विभागों के टेबल टेनिस के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सहभागिता थी, इस प्रतियोगिता में पूरे मध्य प्रदेश के लगभग 40 खिलाड़ियों ने अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित की जिसमें वर्चस्व के तौर पर इंदौर और भोपाल के खिलाड़ियों की उपस्थिति रही, ज्ञात हो कि सिवनी जिले से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धारना कला में पदस्थ पीटीआई संदीप मिश्रा अपने निवास स्थान बरघाट में टेबल टेनिस का निशुल्क प्रशिक्षण देते हैं, जिसके चलते वह लगातार टेबल टेनिस के क्षेत्र में सिवनी जिले को बड़ी उपलब्धियां दे पाने में सफल हो रहे है।
इस वर्ष उनके प्रशिक्षित सोमिल, आदित्य, तितिक्ष , समर्थ व वैभव ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया ,वहीं संदीप मिश्रा ने इस वर्ष सिविल सर्विस टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में बड़ा उलट फेर किया, वह मध्य प्रदेश की टीम में द्वितीय स्थान बनाने में सफल रहे, सुपर लीग मुकाबले में वह प्रशांत महंत इंदौर के साथ बराबर अंक प्राप्त करने में सफल रहे थे, परंतु सेट स्कोर के चलते प्रशांत महंत को प्रथम वरीयता व संदीप मिश्रा को द्वितीय वरीयता दी गई।
वहीं मध्य प्रदेश के नामी खिलाड़ी प्रभाकर राव, मनोज सोनगरा, शैलेश वर्मा जैसे खिलाड़ियों को संदीप पहली बार पराजित करने में सफल रहे हैं,ज्ञात हो कि जबलपुर संभाग से चयनित होने वाले वह एक मात्र खिलाड़ी है,

## गोरखपुरकलॉ में दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### पुरूष पहलवान, महिला पहलवान सहित सूरदास पहलवान ने भी अपने दाव पेंच दिखाएं

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ग्राम गोरखपुरकलॉ में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन बाजार चौक मैदान में किया गया जिसमें जिले के अलावा छिन्दवाड़ा, जबलपुर, खंडवा, भोपाल, उज्जैन, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व अन्य जिलों, प्रदेशो के पलवानो ने आपना दाव पेंच लगाया, इस विशाल ईनामी दंगल को देखने के लिए बड़ी संख्या में दंगल प्रेमी, जनता जनार्दन का बड़ा जन सैलाब रहा इस दंगल प्रतियोगिता आयोजन में पुरूष पहलवान, महिला पहलवान, सहित सूरदास पहलवान ने इस आयोजन में हिस्सा लिया इस कार्यक्रम में ग्राम व क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों , बंडोल प्रेस क्लब के पत्रकार समेत समस्त दंगल प्रेमी दर्शक बंधुओं की गरिमामई उपस्थिति रही।

## पायली क्षेत्र में दुर्लभ पक्षियों की ऐतिहासिक साइटिंग

### एशियन वाटर बर्ड सेंसस में 70 से अधिक प्रजातियों की पहचान

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वनमंडल अधिकारी उत्तर सिवनी डॉ. महेंद्र सिंह उइके ने बताया कि बर्ड वॉचिंग में विशेषज्ञ बर्डर्स के साथ पायली क्षेत्र में बरगी बाँध के बैक वाटर क्षेत्र में आयोजित एशियन वाटर बर्ड सेंसस में सहभागिता की गई। इस दौरान लगभग 70 से अधिक पक्षी प्रजातियों की पहचान की गई। सेंसस के दौरान आईयू सी एन की रेड लिस्ट में दर्ज संकटग्रस्त ) प्रजाति एशियन ब्लैक-बेलीड टर्न की दुर्लभ साइटिंग की गई। यह पक्षी अब तक मध्यप्रदेश में केवल मुरैना जिले में ही देखा गया



था। सिवनी जिले में इसकी उपस्थिति को जिले के लिए एक बड़ी और महत्वपूर्ण जैव-विविधता संबंधी उपलब्धि माना जा रहा है।
इसके अतिरिक्त पैरा ग्रीन फाल्कन की भी साइटिंग की गई, जो कि दुर्लभ पक्षियों में शामिल है। विशेषज्ञों के अनुसार इन दुर्लभ प्रजातियों की उपस्थिति पायली क्षेत्र के स्वस्थ एवं संतुलित इको-सिस्टम का स्पष्ट संकेत है।
पक्षी विशेषज्ञों एवं विद्वानों ने संभावना व्यक्त की है कि भविष्य में पायली क्षेत्र बर्ड वॉचिंग के लिए एक प्रमुख हॉटस्पॉट के रूप में विकसित हो सकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईको-टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

## कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं एसपी सुनील मेहता ने किया इंटेकवेल सुआखेड़ा का निरीक्षण

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने संयुक्त रूप से सुआखेड़ा स्थित इंटेकवेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इंटेकवेल की कार्यप्रणाली, जल आवक की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया।**

कलेक्टर श्रीमती पटले ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंटेकवेल से प्राप्त जल की गुणवत्ता एवं सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आवश्यक रखरखाव, साफ-सफाई तथा तकनीकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए, ताकि नगर को निर्बाध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्रीष्मकाल में भी बिना किसी परेशानी के जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भीमगढ बांध एवं बबरिया तालाब से अनाधिकृत रूप से पंप से पानी लेने वाले व्यक्तियों को समझाईश देने तथा समझाईश उपरांत भी सुधार न होने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती पूर्वी तिवारी, सीएमओ सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय बैल जोड़ी पट प्रतियोगिता का आयोजन

**बरघाट क्षेत्र के ग्राम गंगेरूआ (धपारा )के बाजार चौक में प्रतिवर्ष नुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन 8 जनवरी एवं 9 जनवरी को रखा गया है।**

पशुधन को बढ़ावा देने एवं किसानों को बैल पशुपालन पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है ,समिति के कायकताओ न बताया कि प्रथम इनाम इलेक्ट्रिक स्कूटी दूसरा इनाम भी इलेक्ट्रिक स्कूटी ,तीसरा इनाम 21000 हजार रुपए एवं अन्य सांत्वाना पुरस्कार समिति के द्वारा जीतने वाले बैलजोड़ी प्रतियोगी को दिया जाएगा समिति ने बताया है की प्रथम दिन बैल जोड़ी लाने में सुबह 8 बजे तक एंट्री फीस 2500 रुपए 1 से रात्रि 3 बजे तक, 3000 एवं उधारी एंट्री करने पर किस 4000 ली जाएगी!! समिति ने आसपास के पट प्रेमियों से अधिक से अधिक बैल जोड़ी लाने का आग्रह किया है।

### रानी अवंती बाई चौक और जय स्तंभ चौक में भी लगेंगे सिग्नल

## अम्बेडकर चौक से ट्रैफिक सिग्नल लगाने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगर पालिका (नपा) ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक सिग्नल लगाने की प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है। शहर के दो प्रमुख स्थानों, आंबेडकर चौक और काली पुतली चौक पर ये सिग्नल लगाए जाएंगे। नवंबर में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी मिली थी।

नपा ने रविवार देर रात आंबेडकर चौक पर यातायात सिग्नल लगाने के लिए खुदाई का काम शुरू किया। जेसीबी की मदद से केबल डालने के लिए यह कार्य किया गया। नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने देर रात तक चले इस खुदाई कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति संगीता खगेश कावरे, नपा इंजीनियर और ट्रैफिक सिग्नल का काम कर रही एजेंसी के कर्मचारी भी मौजूद थे। नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर ने बताया कि शहर के आवाजाही में बाधा न पड़े, इसलिए यह काम आधी रात में शुरू किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आंबेडकर चौक के बाद काली पुतली चौक पर भी सिग्नल लगाए जाएंगे।



नपाध्यक्ष के कार्यकाल में काली पुतली और हनुमान चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे। हालांकि, वे लगने के मुश्किल से एक महीने बाद ही बंद हो गए और तब से दोबारा शुरू नहीं हो पाए हैं। इन पुराने सिग्नलों के बंद पड़े होने के कारण लोग नपा और यातायात पुलिस पर सवाल उठाते रहे हैं। जनता को आशंका है कि कहीं इन नए ट्रैफिक सिग्नलों का हश्र भी पहले जैसा न हो जाए।

### गर्म कपड़े पहनें, कई परतों में वस्त्र धारण करें, अनावश्यक यात्रा से बचें

## शीतलहर से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में इन दिनों पड़ रही अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को सतर्क एवं सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे शीतलहर के दौरान विशेष सावधानी बरतें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड के कारण जनमानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड से हाइपोथर्मिया एवं फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियां हो सकती हैं तथा गंभीर परिस्थितियों में मृत्यु तक की संभावना भी रहती है। उन्होंने बताया कि शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अधिक संवेदनशील होते हैं। शीतलहर में न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट, ठंडी हवाएं चलना तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।



स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में नागरिकों को सलाह दी गई है कि शीतलहर के दौरान स्थानीय रेडियो, टेलीविजन एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करते रहें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें एवं कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को अच्छी तरह ढकें, टोपी, मफलर, मोजे एवं वॉटरप्रूफ जूतों का उपयोग करें। इसके साथ ही गर्म एवं तरल पेय पदार्थ जैसे चाय, सूप आदि लेते रहें तथा संतुलित आहार के साथ विटामिन-सी युक्त फल एवं सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें एवं अनावश्यक यात्रा न करें। बच्चों, बुजुर्गों, अकेले रहने वाले एवं असहाय व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अत्यधिक ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और निकटस्थ स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल से संपर्क करें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। हाइपोथर्मिया एवं फ्रॉस्टबाइट के लक्षणों में तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना, हाथ-पैर की उंगलियों, कान या नाक में सुन्नता, सफेद या पीला पड़ना शामिल हैं। शिशुओं में ठंडी, लाल त्वचा एवं ऊर्जा की कमी इसके प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है, ऐसे में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें और शीघ्र अस्पताल पहुंचाएं।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम की अद्यतन जानकारी एवं शीतलहर संबंधी चेतावनियां रेडियो और टेलीविजन के माध्यम से नियमित रूप से प्राप्त करते रहें और सावधानी बरतें।

## कंजई मे नल जल योजना की पाइपलाइन जगह-जगह लीकेज

### व्यर्थ में बह रहा पानी. नहीं है किसी का ध्यान

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित लालबर्रा के ग्राम कंजई में नल जल योजना की पाइपलाइन जगह-जगह फूटी दिखाई दे रही है जिसके चलते पानी व्यर्थ में बह रहा है और ग्राम वासियों को दूषित जल पीना पड़ रहा है लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है संबंधित विभाग कंजई मे अनेकों जगह फूटी पड़ी पाइपलाइन की मरम्मत करें कंजई से मानुटोला मार्ग सोसाइटी के पास फूटी लाइन से पानी का बुलबुला निकलता देखा गया वही हाई स्कूल के पास तो निरंतर पानी का बहाव देखा जाता है पाइपलाइन कहां से फूटी है यह तो संबंधित विभाग ही जाने।कई महीनो से हाई स्कूल के सामने निरंतर पानी बहने से गंदगी दिखाई देती है



मरम्मत कार्य करना अति आवश्यक है पाइपलाइन फूटी रहने से बाहर की गंदगी पानी दूषित करती है जिससे गंभीर बीमारी की आशंका है ग्रामीण जनों ने ग्राम में अनेकों जगह फटी हुई पाइप लाइन का सुधार कार्य जल्दी करने की मांग जिला प्रशासन से की है लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत होने से आने वाले दिनों में दुष्परिणाम नहीं देखने होंगे.?

## बालाघाट जिले में इको-पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश इको-पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल द्वारा स्वीकृत अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत बालाघाट जिले के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में इको-पर्यटन गतिविधियों का आयोजन जनवरी 2026 माह में किया जाएगा। यह कार्यक्रम 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न होंगे। उप वनमंडल अधिकारी सामान्य उपवनमंडल बालाघाट श्रीमती विनीता फुलबेल ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य वन्य जीवन, प्राकृतिक स्थलों, जैव विविधता तथा स्थानीय पर्यटन स्थलों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। 10 परिक्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम अनुसार बालाघाट परिक्षेत्र के बजरंगघाट में 09 जनवरी 2026 तथा इको-पर्यटन क्षेत्र गांगूलपारा (पंडार झरना, केरा बीट) में 10 जनवरी 2026 को इको पर्यटन कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## समर्थन मूल्य पर 48 लाख 30 हजार 679 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसम्बर 2025 से की जा रही है, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। चालू सीजन में जिले में 05 जनवरी 2026 की शाम तक 96 हजार 538 किसानों से 1144 करोड़ 38 लाख 78 हजार 551 रुपए की 48 लाख 30 हजार 679 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों से खरीदे गए धान का तेजी से उठाव कर गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 85 प्रतिशत से अधिक धान का परिवहन किया जा चुका है। किसानों को 699 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि जिले में 185 धान खरीदी केंद्रो पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है।

## वारासिवनी एसडीएम ने कंजई हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं चेक पोस्ट का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



**वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने 05 जनवरी को लालबर्रा तहसील के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंजई, जिले में बाहर से आने वाली धान की निगरानी के लिए कंजई में बनाये गए चेक पोस्ट एवं कंजई के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा।**

हायर सेकेण्डरी स्कूल कंजई के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री जायसवाल ने छात्र छात्राओं से संवाद किया और उन्हें अपने पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते है इसका लक्ष्य अभी से तय कर ले और उसी के अनुसार अपनी पढ़ाई करें। उन्होंने छात्र छात्राओं से बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंको के साथ सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करने कहा। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं से कहा कि वे बोर्ड परीक्षा में शाला का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक लाने के लिए कारगर प्रयास करें। बच्चें जिन विषयों में कमजोर है और जिन विषयों का कोर्स पूरा नही हुआ है उसके लिए अवकाश के दिनों में रेमेडियल क्लॉस लगाए। एसडीएम श्री जायसवाल ने विद्यालय के निरीक्षण के दौरान टायलेट एवं शौचालयों को भी देखा। टायलेट में गंदगी पायी गई और गटर खुला पाया गया। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए प्राचार्य को निर्देशित किया कि टायलेट की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे और खुले गटर को शीघ्र बंद करवाए। कंजई चेक पोस्ट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेक पोस्ट से जिले में प्रवेश करने वाले एवं निकलने वाले वाहनों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि तक धान लेकर जिले में आने वाले वाहनों पर कड़ी निगरानी रखे। एसडीएम श्री जायसवाल ने कंजई के उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान कंजई चेक पोस्ट एवं स्वास्थ्य केंद्र में कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाये गए, जिन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए।

## भूखे-प्यासे परेशान हुए किसान: जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में नकदी की किल्लत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने के बाद समय पर भुगतान नहीं मिलने से इन दिनों क्षेत्र का किसान परेशान है। बैंक में नकदी रकम की किल्लत के कारण किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बाहर भुगतान के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। सप्ताह के पहले दिन यानी सोमवार को बैंक के पास नकदी रकम नहीं होने के कारण किसानों को पूरा दिन बैंक के बाहर भूखे-प्यासे रहकर परेशान होते हुए देखा गया। पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर भुगतान मिलने की वजह से दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों के किसान सुबह बैंक खुलने से पहले ही बैंक के बाहर अपनी पासबुक लेकर पहुंच गए थे। लेकिन शाम 04 बजे तक किसानों को भुगतान नहीं मिल पाया। दरअसल, बैंक के पास नकदी रकम नहीं थी और कैश वाहन शाम 04 बजे तक कटंगी नहीं आया था। ऐसे में भुगतान की उम्मीद में किसान शाम तक भूखे-प्यासे बैंक के बाहर चाय-पान की दुकानों और सड़क के बीच में डिवाइडर पर बैठे हुए नजर आए।



किसानों ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पास अन्नदाता किसानों और अपने ग्राहकों के लिए मूलभुत सुविधाओं से जुड़ी सेवाओं के भी उचित बंदोबस्त नहीं है। अभी जब सैकड़ों की संख्या में किसान हर दिन फसल का भुगतान पाने के लिए बैंक आ रहे है तो उन्हें बैंक में पीने का पानी भी नसीब नहीं होता। होटल, चाय-पान दुकानों में जाकर किसान अपनी प्यास बुझाता है। बैंक परिसर छोटा होने के कारण एक साथ 20 किसान भी भीतर कतार में खड़े नहीं हो सकते। ऐसे में किसानों को बैंक के बाहर तक कतार लगानी पड़ती है। अभी ठंड के मौसम में तो बहुत अधिक परेशान नहीं होती परंतु बारिश के दिनों में बरसात और गर्मी के दिनों में कड़कड़ाती धूप में किसान जूझता है। इस दौरान लोगों को बैंक में भुगतान, जमा व बैंक की अन्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिए परेशानी होती है। पुराना पेट्रोल पंप चौक मुख्य सड़क मार्ग पर बैंक के स्थित होने के कारण बैंक आने वाले किसान और ग्राहक सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा रखते है जिससे आवागमन प्रभावित होता है। वहीं बैंक परिसर छोटा होने से किसान सड़क के बीच के बीचों-बीच डिवाइडर में बैठा रहता है जिससे हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में उपभोक्ताओं के लिए सुलभ प्रसाधन जैसी मूलभूत सुविधा भी मौजूद नहीं है। यहां आने वाले उपभोक्ता को लघु शंका (पेशाब) और शौचालय के लिए खुले में जाना पड़ता है। सर्वाधिक दिक्कत महिला उपभोक्ताओं को होती है क्योंकि शर्मिंदगी की वजह से महिलाएं कहीं भी खुले में दैनिक क्रिया के लिए नहीं जा पाती। बता दें कि आजकल महिलाएं भी काफी संख्या में बैंक की उपभोक्ता है, उन्हें भी अपने कार्य के लिए बैंकों में स्वयं जाना पड़ता है। वहीं कई बार महिलाओं को अपने छोटे बच्चों को भी लेकर बैंक जाना पड़ता है। परंतु बैंक में महिलाओं के बैठने से लेकर प्रसाधन की उचित व्यवस्था ना होने के कारण परेशानी उठानी पड़ती है। बुजुर्ग को भी बैठने की व्यवस्था न होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बैंक में अपने स्टाफ सदस्यों के लिए प्रसाधन है। जिसका कोई भी उपभोक्ता उपयोग नहीं कर पाता है। किसानों ने शासन और बैंक प्रशासन को इस ओर प्राथमिकता से ध्यान देते हुए उचित व्यवस्था बनाने की मांग रखी है।

## त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जयंती समारोह आयोजन की रूपरेखा बनाने हेतु आवश्यक बैठक 11 को

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन दिनांक 7 फरवरी 2026 को आद.लता ताई तायडे जी महाराष्ट्र राज्य संगठक एवं वरिष्ठ केंद्रीय शिक्षिका भुसावल के मुख्यातिथि में,अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष BSI की अध्यक्षता में,इस समारोह के प्रमुख अतिथि डॉ. चरनदास ढेंगरे जी अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा एवं केंद्रीय शिक्षक,आर के कटाने जी प्रदेश सचिव एवं केंद्रीय शिक्षक एवं अन्य पदाधिकारी यो के आतिथ्य में सम्पन्न किया जा रहा है,इस अवसर पर माता रमाई,बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी की जीवनी एवं धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया पर आधारित धम्म ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया,उक्त समारोह गरिमामई रूप से सम्पन्न किए जाने हेतु एवं संगठन के धम्म कार्यों को सुचारू रूप से निरंतर जारी रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने हेतु प्रतिमाह की बैठक के एजेंडे पर आवश्यक बैठक का आयोजन दिनांक 11/01/2026 दिन रविवार को समय दोपहर 1 बजे से संस्था के जिला कार्यालय बूढी रेलवे फाटक के बालाघाट मप्र में आहुत की गई है। अतः जिला शाखा के समस्त सभी तहसील, नगर,सर्कल एवं अन्य शाखाओं के पदाधिकारी यो से अपील की जाती हैं कि अनिवार्य रूप से निर्धारित समय पे बैठक में अपनी उपसस्थिति दे।



## सालेबर्डी में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

### चिखलाबांध की टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता में की जीत हासिल, पुरस्कार से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

शिव शक्ति समिति के तत्वावधान में सालेबर्डी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 4 जनवरी रविवार से किया गया । जिसका समापन 5 जनवरी सोमवार को किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला चिखलाबांध और चिरचिरा की टीम के बीच खेला गया । बताया गया की फाइनल मैच के रोचक मुकाबले में चिखलाबांध की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में जीत हासिल कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया और उपविजेता चिरचिरा की टीम बनी। दोनों ही टीम के खिलाड़ीयो के द्वारा मैदान में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में करीब 12 टीमो ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया गया।

**पुरस्कार वितरण समारोह :** पूर्व सरपंच एंव पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजलाल चौधरी एंव अन्य अतिथीगण पुरुस्कार वितरण समारोह में प्रमुख रूप से शामिल हुए और अपने हस्ते विजेता टीम चिखलाबांध के टीम को तीन हजार रुपए की नगद राशि एंव कप प्रदान किया गया एंव उपविजेता टीम चिचचिरा की टीम को दो हजार रुपए एंव कप प्रदान किया गया तथा तृतीय पुरस्कार 15 सौ रुपए की राशी दैतबर्रा के टीम को दिया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच एंव पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजलाल चौधरी ने बताया की प्रतियोगिता आयोजित होने से ग्रामीण अंचल के खिलाड़ीयो को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका मिलता है।ताकि वें खेल के माध्यम से खिलाड़ी आगे बढ़ सके। इस अवसर पर समिति के पदाधिकरी एंव ग्रामवासी सहित अन्य मौजूद रहे।



## बैहर में शौर्य दिवस व नववर्ष मनाया गया

हरिभूमि न्यूज बैहर।




स्थानीय नगर मुख्यालय में गत दिवस 1 जनवरी को भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस तथा नव वर्ष बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ आंबेडकर चौक में दीप प्रज्वलित कर की गई जिसके बाद कार्यक्रम का मुख्य स्थल डॉ आंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प हार पहनाकर भीमा कोरेगांव के सैनिकों की याद में बनाए गए विजय स्तंभ पर पुष्प अर्पित किया गया जहां पर सामूहिक वंदना कर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया इसके बाद मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित अतिथियों के द्वारा भीमा कोरेगांव के इतिहास को बताया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पवन रंगारे होशंगाबाद एवं विशेष अतिथिगण आर एफ डहाटे, मितेंद्र चीचखेड़े एसडीओ वन विभाग, शांताबाई रामटेके वरिष्ठ समाजसेवी, गौतमा उके शिक्षिका एम एल चौरे थे,तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में ओ डी रामटेके,वंदना गजभिए, लक्ष्मी मरकाम, आन्या घरडे,हिमानी डहाटे, रांची भीमटे,लक्ष्मी मरकाम, अंशिका डहाटे, ओजस्वी बेले के द्वारा गीत नृत्य प्रस्तुत किए गए तथा शाम को स्थानीय आर्केस्ट्रा न्यू फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार रोशन विश्वकर्मा, आबिद कुरैशी, संतोष घोड़ेश्वर, सतीश बुढ़ेश्वर,संजय लाकड़े,राहुल शिव, गायत्री पंचतिलक,मंजू बोरकर, सीमा मिश्रा, सैफ खान, सिद्धार्थ मेश्राम, सुमन बघेल,सोनिया यादव के द्वारा मधुर गीत संगीत प्रस्तुत कर शमा बांधा गया कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रप्रकाश बारमाटे शिक्षक के द्वारा की गई कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए स्थानीय जन समुदाय व प्रशासन का उन्होंने आभार प्रकट किया।

## ग्राम सुसवा में मुंशीजी बाहे के निवास पर नव वर्ष के उपलक्ष में क्रिसमस डे मनाया

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर। क्रिसमस डे नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम सुसवा में 2026 वर्ष आपके जीवन पर्यंत में शांति और समृद्धि का प्रसार करते हुए समाज को एक अच्छा सा उदाहरण आज सुसवा में बहुत ही स्वतंत्र तरीके से क्रिसमस स्वरूप कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य आयोजक निवासी ग्राम सुसवा मुंशी प्रसाद बांहे, राहुल बांहे एवं परदेसी पंद्रे तथा मुख्य वक्तागण जिन्होंने प्रभु यीशु मसीह के बारे में तथा स्वर्ग ,नर्क के बारे में व अच्छा बुरा सब बातों को विस्तार पुर्वक उन्होंने समझाया।**

व एक सबक छोड़ गए ।और गांव के प्रधान सरपंच प्रकाश बांहे जी , बटकरी सरपंच धनराज व सरिता जी मातरे इस कार्यक्रम में पहुंचे सब की उपस्थिति में बहुत ही सुनहरे रूप से यह सम्मेलन मनाया गया। क्रिसमस डे पर प्रभु ईशु के कार्यक्रम में नव वर्ष के उपलक्ष्य में केक काटकर मनाया गया। वहीं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पास्टर ने लोगों को प्रभु यीशु के बताए उपदेशों की जानकारी दी और सामूहिक प्रार्थना हुई। देर शाम तक कार्यक्रम चलता रहा और क्षेत्र से आए हुए ईशु धर्म के लोगों में हर्ष एवं खुशी की लहर नजर आयी। ग्राम के अन्य गणमान्य

नागरिकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम रखा गया। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने उद्बोधन में प्रभु यीशु के जीवन चरित्र को लोगों को समझाया। खुशी और उत्साह का प्रतीक क्रिसमस डे नव वर्ष आज पैदा मसीह हो गया, यीशु नाम है कितना महान, हर तरफ हर जगह तू ही तू यीशु, चमका चरनी में तारा हुआ सारे जग में उजियारा आदि गीतों से पंडाल गूंज उठा। बच्चों और युवाओं ने यीशु पर तमाम गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। फादर ने यीशु के बताए शांति मार्ग पर चलने और सभी से प्रेम करने का संदेश दिया। एवं भोज का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



## जाम में लोधी भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** विकासखंड लालबर्रा की ग्राम पंचायत जाम में सामाजिक पहल पर नव वर्ष पर लोधी भवन का निर्माण किया जाना है जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।उक्ताशय की जानकारी देते हुए पूर्व जनपद सदस्य अशोक नगपुरे ने बताया कि जाम में सामाजिक स्तर की ये बड़ी पहल है।जो लोधी भवन के नाम से बनने जा रहा है.जो समाज के लिए अच्छा संदेश है भवन का निर्माण होने से समाज में होने वाली सामाजिक बैठकें और आयोजित कार्यक्रमो के लिए एक अच्छा मंच होगा। समाज की इस बड़ी पहल पर सामाजिक बंन्दुओ मे खुशी का माहौल है इस अवसर पर शंकरलाल लिल्हारे, केवल बनोटे, कोल्हूराम लिल्हारे,सुरेन्द्र बलोने , योगेश लिल्हारे, राजेन्द्र धामड़े, अमीलाल बनोटे, नारायण दमाहे, पितम मुंजारे,लालचंद नगपुरे,अशोक नगपुरे, दिनेश मुंजारे, खिलेश्वर दमाहे, दिनेश बसेने,पंडित दिनेश तिवारी, संतोष लिल्हारे,अशोक लिल्हारे, ईश्वरी लिल्हारे,उम्मेद नगपुरे, बेनिराम लिल्हारे,उत्तम लाल धामड़े, तिलक बसेने,पीतम मुंजारे, शिव नगपुरे,नरेन्द्र मुंजारे,ओमप्रकाश नगपुरे, विनय मुंजारे,देवीप्रसाद डहारे, स्वरूप धमाड़े, मयाराम दमाहे भूमेश्वर सेन्द्रे, सुरेश नगपुरे अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

